# मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता

## प्रिलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु-विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP), मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017, किरण हेल्पलाइन, मानसिक स्वास्थ्य और सामान्यता वृद्धि प्रणाली (MANAS), गरीबी, आयुष्मान भारत।

## मेन्स के लिये:

भारत में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे, भारत सरकार की मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित पहल।

## चर्चा में क्यों?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation- WHO) के अनुसार, वर्ष 2019 में भारत में आत्महत्या दर **12.9/1,00,000 थी, जो क्षेत्रीय औसत 10.2 और वैश्विक औसत 9.0** से अधिक थी।

- भारत में **15 से 29 वर्ष के बीच के लोगों की मृत्यु दर का मुख्य कारण आत्महत्या है।** हालाँकि आत्महत्या के कारण खोया गया प्रत्येक जीवन बहुत अधिक कीमती है, लेकिन यह मुश्किल से ही देश के **मानसिक स्वास्थ्य** विशेष रूप से युवा वयस्कों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उजागर करता है। महिलाएँ इस समस्या से आमतौर पर अधिक प्रभावित होती हैं।

## भारत में मानसिक स्वास्थ्य सेवा की स्थिति:

- **परिचय:**
  - **मानसिक स्वास्थ्य में भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल है।**
    - यह **अनुभूति, धारणा और व्यवहार** को प्रभावित करता है। साथ ही यह भी निर्धारित करता है कि कोई व्यक्ति तनाव, पारस्परिक संबंधों और निर्णय लेने की स्थिति का सामना कैसे करता है।
  - भारत में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु-विज्ञान संस्थान **(National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences)** के आँकड़ों के अनुसार, कई कारणों से 80% से अधिक लोगों की मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच नहीं है।
- **मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित भारत सरकार की पहल:**
  - **राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (National Mental Health Program- NMHP): मानसिक विकारों की संख्या में वृद्धि** तथा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की कमी को देखते हुए सरकार द्वारा वर्ष 1982 में **NMHP** को अपनाया गया था।
  - **मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम: मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017** के एक भाग के रूप में प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति के लिये सरकारी संस्थानों में **मानसिक स्वास्थ्य** देखभाल और उपचार की सुविधा एवं पहुँच उपलब्ध है।
  - **किरण हेल्पलाइन:** वर्ष 2020 में **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** ने मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन **'किरण'** शुरू की।
  - **मानस मोबाइल एप:** भारत सरकार ने सभी आयु समूहों में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये **वर्ष 2021** में मानस **(मानसिक स्वास्थ्य और सामान्यता वृद्धि प्रणाली)** लॉन्च किया।
- **मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दे:**
  - **सोशल मीडिया:** गिने-चुने **सोशल मीडिया** के बढ़ते उपयोग के साथ युवाओं में तनाव और मानसिक अस्वस्थता के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।
    - सोशल मीडिया **वास्तविक दुनिया से परे है** और यह सार्थक गतिविधियों में निवेश को कम करता है।
    - इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि **यह प्रतिकूल सामाजिक तुलना के माध्यम से आत्मसम्मान में कमी लाता है।**

- **कोविड-19 महामारी:** कोविड-19 महामारी के बाद से इस समस्या में और वृद्धि हुई है। **लैंसेट** में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2020 और 2021 के बीच केवल एक वर्ष में वैश्विक स्तर पर **इस महामारी के कारण अवसाद में 28% तथा चिंता संबंधी मामलों में 26% तक की वृद्धि हुई है।**
  - स्कूल बंद होने और सामाजिक अलगाव के अतिरिक्त **भविष्य संबंधी अनिश्चितता, वित्तीय एवं रोज़गार का नुकसान, दुख, बच्चों की देखभाल का बढ़ता बोझ** आदि सभी के कारण भी युवा आयु समूहों के बीच अवसाद तथा चिंता में वृद्धि देखी गई है।
- **निर्धनता:** मानसिक स्वास्थ्य का निर्धनता से करीबी रिश्ता होता है। गरीबी में रहने वाले लोगों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति का अनुभव होने का खतरा अधिक होता है।
  - दूसरी ओर **गंभीर मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का सामना** करने वाले लोगों को **रोज़गार के नुकसान** और **स्वास्थ्य पर व्यय में वृद्धि के कारण गरीबी** की ओर बढ़ने की अधिक संभावना है।
- **मानसिक स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे की कमी:** वर्तमान में **मानसिक बीमारियों वाले केवल 20-30% लोगों को पर्याप्त उपचार मिल पाता है।**
- इतने बड़े उपचार अंतराल का एक प्रमुख कारण संसाधनों की अपर्याप्तता है। सरकार के स्वास्थ्य बजट का 2% से भी कम मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के लिये उपलब्ध है।
  - साथ ही **आवश्यक दवाओं की सूची** में WHO द्वारा निर्धारित मानसिक स्वास्थ्य दवाओं की सीमित संख्या ही शामिल है।

## भारत में मानसिक स्वास्थ्य संवर्द्धन की पुनर्कल्पना:

हमारे लोगों के **मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा, संवर्द्धन और देखभाल के लिये** एक तत्काल और अच्छी तरह से **संसाधन युक्त "संपूर्ण समाज" के दृष्टिकोण की आवश्यकता** है। यह निम्नलिखित चार स्तंभों पर आधारित होना चाहिये:

- **मानसिक स्वास्थ्य को कलंक न समझना: मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को कलंक मानना, जो रोगियों को समय पर इलाज कराने से रोकता है** और उन्हें शर्मनाक, अलग-थलग एवं कमज़ोर महसूस कराता है।
- **सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य को शामिल करना: तनाव को कम करने, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने,** उच्च जोखिम वाले समूहों की जाँच और पहचान करने एवं परामर्श सेवाओं जैसे मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को मज़बूत करने के लिये उन्हें मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग बनाना।
  - **स्कूलों पर विशेष ध्यान देना होगा।**
  - इसके अलावा हमें **उन समूहों पर विशेष ध्यान देना चाहिये जो मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं** जैसे कि घरेलू या यौन हिंसा के शिकार, बेरोज़गार युवा, सीमांत किसान, सशस्त्र बलों के कर्मी तथा कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले कर्मी।
- **मेंटल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर: मेंटल हेल्थ केयर और इलाज के लिये एक मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना।** मानसिक स्वास्थ्य के बुनियादी ढाँचे और मानव संसाधनों में अंतराल को दूर करने के लिये पर्याप्त निवेश की आवश्यकता होगी।
- **कियायती पहलुओं पर काम करना:** मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिये किफायती बनाया जाना चाहिये। **वित्तीय सुरक्षा** के बिना बेहतर कवरेज से असमान परिणाम उभरकर सामने आएंगे।
  - **आयुष्मान भारत** सहित सभी सरकारी स्वास्थ्य गारंटी योजनाओं में मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की व्यापक संभव सीमा को शामिल किया जाना चाहिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

**प्रश्न.** जब तक हम अपने भीतर शांति प्राप्त नहीं करते, तब तक हम बाहरी दुनिया में कभी भी शांति प्राप्त नहीं कर सकते। **(2021)**

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prioritizing-mental-well-being